मेहँदी ओ मेहँदी इतना बता दे

मेहँदी ओ मेहँदी इतना बता दे,
तूने कौन सा काम किया है,
खुश होकर मैया ने तुमको हाथो में थाम लिया है,
मेहँदी बोलो न,
मेहँदी ओ मेहँदी इतना बता दे

तेरी किस्मत से सबसे बड़ी है मैया ने अपनाया,
मैया तुमसे प्यार करे कोई जान न पाया,
मैया की किरपा होना से दुनिया में नाम किया है,
खुश होकर मैया ने तुमको हाथो में थाम लिया है,
मेहँदी बोलो न,
मेहँदी ओ मेहँदी इतना बता दे

लाल ही चूड़ा लाल ही चुनरी लाल रोली का टिका,
लेकिन मैंने देखा माँ का हाथ है फीका फीका,
इन फीके फीके हाथो को,
मैंने लाल किया है,
खुश होकर मैया ने तुमको हाथो में थाम लिया है,
मेहँदी बोलो न,
मेहँदी ओ मेहँदी इतना बता दे

सब को अपनाया मेरी मैया मुझको भी अपना ले,
मुझको अपना लाल समज कर अपने गले लगा ले,
भगतो ये है भेद अनोखा जो मेहँदी ने जान लिया है,
मैया अपनाये गी अगर हाथो को लाल किया है,
मेहँदी बोलो न,
मेहँदी ओ मेहँदी इतना बता दे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7378/title/mehandi-o-mehandi-itna-bta-de-tune-kaun-sa-kaam-kiya-hai-khush-ho-kar-maiya-ne-tumko-hatho-me-tham-liya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |